सुषमा अरोड़ा
आई.ए.एस.
प्रशासक एवं प्रबन्ध संचालक
राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन लिमिटेड

शुभकामना सन्देश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है कि पाली जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, पाली आगामी 18 सितम्बर, 2023 को 28वीं वार्षिक आमसभा का आयोजन कर रहा है एवं इस अवसर पर एक वार्षिक प्रतिवेदन की स्मारिका का प्रशासन भी किया जा रहा है।

पाली जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड अपनी स्थापना से ही पाली जिले के दुग्ध उत्पादकों एवं उपभोक्ताओं के सामाजिक, आर्थिक एवं नैतिक उन्नति हेतु निरन्तर प्रयासरत है।

पाली दुग्ध संघ के कार्यक्षेत्रान्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में माह जुलाई, 2023 तक संघ में 619 पंजीकृत दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों से सम्बद्ध लगभग 40 हजार 445 दुग्ध उत्पादक सदस्य है, जिनमे 12 हजार 878 महिला दुग्ध उत्पादक सदस्य सम्मिलित हैं, के माध्यम से औसतन 104 हजार किलोग्राम दुग्ध प्रतिदिन संकलित कर 63.1 हजार लीटर दुग्ध प्रतिदिन जिले के उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त संघ द्वारा जिले के उपभोक्ताओं को उत्तम गुणवत्ता के विविध सरस दुग्ध उत्पाद भी उपलब्ध कराये जा रहे है।

मैं, वार्षिक आमसभा के इस अवसर पर पाली जिला दुग्ध संघ से सम्बद्ध समस्त दुग्ध उत्पादकों, संचालक मण्डल के सदस्यों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करती हूँ एवं आशा प्रकट करती हूँ कि भविष्य में पाली दुग्ध संघ दुग्ध संकलन में निरन्तर वृद्धि हेतु विशेष प्रयास कर, विपणन तथा अन्य समस्त डेयरी विकास गतिविधियों में प्रगति पथ पर अग्रसर होकर नये कीर्तिमान स्थापित करेगा।

(सुषमा अरोड़ा)

सरस

Scanned with CamScanner